PRINT

पंजाब केसरी (Punjab Kesri)

| National News Paper | Edition : Delhi | Circulation: 347211 |
| --- | --- | --- |
| दिनांक (Dated): 23.09.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) 12 | क्रम सं. (Serial No.) 03 |


# सीआईएसएफ ने नोएडा हवाई अड्डे की सुरक्षा का जिम्मा संभाला

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने उत्तर प्रदेश के नवनिर्मित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की सुरक्षा की जिम्मेदारी सोमवार को संभाल ली, ताकि इस नागरिक उड्डयन सुविधा को आतंकवाद-रोधी सुरक्षा प्रदान की जा सके। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर के पास आयोजित एक समारोह के बाद हवाई अड्डे की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ के लगभग 120 कमांडो तैनात किए गए हैं। इस हवाई अड्डे का उद्घाटन 30 अक्टूबर को होगा। हवाई अड्डे के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा स्वीकृत सीआईएसएफ कर्मियों की कुल संख्या 1,047 है। सीआईएसएफ

- **120 से ज्यादा कमांडो हर वक्त तैनात रहेंगे**

के एक प्रवक्ता ने बताया कि समारोह के दौरान केंद्रीय अर्धसैनिक बल के वरिष्ठ अधिकारी और हवाई अड्डे के अधिकारी मौजूद थे। नोएडा हवाई अड्डा सीआईएसएफ के सुरक्षा घेरे में आने वाला 70वां नागरिक हवाई अड्डा है। प्रवक्ता ने बताया कि बल यात्रियों और सामान की जांच, टर्मिनल और जमीनी सुरक्षा के अलावा त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) तैनात करेगा। उन्होंने कहा, "यात्रियों और उड़ान संचालन बढ़ने के साथ-साथ परिचालन आवश्यकताओं के अनुरूप तैनाती बढ़ाई जाएगी।"